न्यायालय तहसीलदार मसूदा, जिला – अजमेर

प्रकरण संख्या 213/2019

...ान सरकार जरिए पटवारी हल्का झाडप्रथम बनाम वीरम सिंह पुत्र वजीर सिंह
जाति रावत निवासी – रावलाबाड़िया

भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 एल. आर. एक्ट

–:निर्णय:– दिनांक 29.8.19

पत्रावली पेश हुई अप्रार्थी उपस्थित। मैने पत्रावली का अवलोकन किया। पटवारी हल्का झाडप्रथम द्वारा सम्वत 2076 ग्राम रावलाबाड़िया की सिवायचक भूमि खसरा नम्बर 18, 65 कुल रकबा 4x11 9011 बीघा 2 किस्म भूमि दाली में से रकबा 3) 2) बीघा भूमि पर अप्रार्थी श्री वीरम सिंह पुत्र वजीर सिंह जाति रावत निवासी रावलाबाड़िया द्वारा नाजायज काश्त कर लिए जाने की भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 एल. आर. एक्ट के तहत रिपोर्ट प्रस्तुत कि गई। प्रकरण भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 एल. आर. एक्ट के तहत रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी का भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 एल. आर. एक्ट के प्रावधानो के तहत नोटिस दिनांक 29.8.19 को मुकाम मसूदा पर उपस्थित होने बाबत् जारी किया गया।

अप्रार्थी ने नोटिस के जवाब मे अपने पक्ष मे कोई ठोस दस्तावेज प्रस्तुत नही किये गये। अतः अप्रार्थी के विरूद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। भूमि नियमन योग्य नहीं है।

मैने पत्रावली का विवेचनात्मक अध्ययन एवं मनन किया। अप्रार्थी द्वारा अपने जवाब में कोई ठोस सबूत एवं दस्तावेज पेश नहीं किए एवं अप्रार्थी द्वारा उक्त भूमि पर अपना अवैध अतिक्रमण होना स्वीकार किया। भूमि वर्तमान में राजस्व रिकार्ड अनुसार सिवायचक खाते में दर्ज है। अप्रार्थी बतौर अतिकर्मी उक्त भूमि पर काबिज है।

अतः श्री वीरम सिंह पुत्र वजीर सिंह जाति रावत निवासी रावलाबाड़िया को सिवायचक भूमि ग्राम रावलाबाड़िया के खसरा नम्बर 18, 65 कुल रकबा 4x11 9011 2 किस्म भूमि दाली मे से रकबा 3) 2) भूमि पर किए गए नाजायज कब्जे/काश्त के लिए अतिक्रमी घोषित किया जाता है एवं आदेश दिए जाते है कि अप्रार्थी को उक्त भूमि मे से बेदखल किए जावे एवं आर्थिक दण्ड के रूप में वार्षिक लगान 1.50 को पचास गुणा 75/– रूपये बतौर शास्ति आरोपित की जावे व मौके पर खडी फसल/ अन्य को जब्ज कर सरकार निलाम किया जावे आदेष की पालना भू–अभिलेख निरीक्षक/पटवारी हल्का को व डिमाण्ड कायमी हेतू तहसील राजस्व लेखाकार को लिखा जावे। पत्रावली बाद कार्यवाही फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

नियर्ण आज दिनांक 29.8.19 को ... द्वारा लिखवाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया एवं शामिल मिसल किया गया

Signature Not Verified
Digitally signed by Om Singh Lakhawat
Date: 2022.12.22 15:37:49 IST
Reason: SelfAttested

(...भात त्रिपाठी)
तहसीलदार मसूदा
(जिला – अजमेर)

... के रो.ल. रजिस्टर के
पृष्ठ सं. 92 पर रु. 75 की
मांग कायम की गई।

तह.रा.ले. विजयनगर